प्रेसविज्ञप्ति

दिनांक 10 नवम्बर2020

श्री गुरु गोबिंद सिंह जी राजकीय महाविद्यालय पावटा साहिब में जिला सिरमौर के राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वंयसेवकों की प्री आर0 डी0 जिला स्तरीय चयन प्रक्रिया का आयोजन जिला नोडल अधिकारी प्रो0 रीना चौहान के निरीक्षण में किया गया जिसमें जिला सिरमौर के कुल सात स्वंयसेवकों ने भाग लिया। निर्णायक मंडल में प्रो0 रामलाल तोमर, प्रो0 देवराज शर्मा व प्रो भारती रहें । ये चयन प्रक्रिया चार चरणों में आयोजित की गई जिसमें परैड, शारीरिक तंदरुस्ती, सांस्कृतिक योग्यता एवम साक्षात्कार शामिल था। इस कार्यक्रम में राजकीय महाविद्यालय शिलाई से अनु तोमर, राजकीय महाविद्यालय संगडाह से सतीश तोमर तथा श्री गुरु गोबिंद सिंह जी राजकीय महाविद्यालय पांवटा साहिब से शिवानी तथा भार्गव तोमर चयनित हुए। ये चयनित प्रतिभागी 12 नवंबर को राज्यस्तरीय चयन प्रक्रिया के लिए राजकीय महाविद्यालय संजौली में भाग लेंगे।

इस शिविर में प्राचार्या डॉ वीना राठौर के नेतृत्व में निर्णायक मंडल सदस्य, प्रोग्राम अधिकारी संगड़ाह से प्रो0 अश्वनी, पांवटा साहिब से प्रो रीना चौहान व प्रो0 स्वामीनाथ तथा श्री जावेद अली शामिल रहे। प्राचार्या डॉ वीना राठौर ने चयनित स्वंयसेवकों को बधाई व शुभकामनाएं दी तथा विभिन्न महाविद्यालयों से आएं स्वंयसेवकों व कार्यक्रम अधिकारियों का धन्यवाद किया।

प्राचार्या

